04-JULAY- Jash-Bhoomi pg-1_Layout 1 7/4/2024 8:18 PM Page 1

हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 5 जुलाई 2024
पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

तापमान
अधिकतम 28.2 डिग्री
न्यूनतम 26.2 डिग्री

4
'नोनी-बाबू मेधावी शिक्षा सहायता' योजना के तहत बच्चों को दो-दो लाख रुपए प्रदान किए चेक



**खबर संक्षेप**

### सीईओ ने जनमन शिविर के लिए ली बैठक



**जशपुरनगर।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार ने गुरूवार को जनपद पंचायत मनोरा के सभाकक्ष में जनमन शिविर आयोजन के संबंध में विभागीय अधिकारी, नोडल अधिकारी, सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक की बैठक ली। साथ ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सीईओ श्री कुमार ने नोडल अधिकारियों को बताया गया कि प्रत्येक पहाड़ी कोरवा परिवार की वास्तविक जानकारी भरे जाने के की जिम्मेदारी होगी। विभागीय अधिकारियों को अपने विभाग के योजनाओं की अधिक से अधिक लाभ पहाड़ी कोरवा परिवारों को देने के लिए कहा। इस हेतु शिविर में इसकी कार्य योजना तैयार कर प्रपत्र में जानकारी जमा करने के निर्देश दिए गए।

### सीईओ ने छतोरी के जनमन आवास का किया निरीक्षण



**जशपुरनगर।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार ने मनोरा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत करदाना के ग्राम छतोरी में पहाड़ी कोरवा परिवार के जनमन आवास और ग्राम सोनक्यारी में बाघमाड़ा नाला का निरीक्षण किया गया। सीईओ ने जनमन आवास का अवलोकन कर निर्माण कार्य का जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए गए साथ ही मनरेगा से कराए गए बाघमाड़ा नाला के नरवा विकास कार्यों का भी अवलोकन कर जलभराव की स्थिति की जानकारी ली।

## रांची जिले के ग्राम सोसो का रहने वाला है आरोपी

# कुख्यात मवेशी तस्कर कुर्बान खान झारखंड से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कुख्यात मवेशी तस्कर को लोदाम पुलिस ने झारखंड से गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। आरोपी के जुर्म कबूल करने के बाद उसे जेल भेज दियाा गया है।

पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में गठित विशेष पुलिस टीम द्वारा मवेशी तस्करी के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है एवं फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जा रहा है। 18 मई 24 के प्रातः 05 बजे थाना लोदाम को मुखबिर से सूचना मिली थी,कि जशपुर क्षेत्र से एक पीकअप वाहन क्रमांक जेएच 01 एफए 4057 में मवेशियों को भरकर तस्करी करते हुए नेशनल हाई वे-43 लोदाम होते हुए झारखंड की ओर जा रहा है। इस सूचना पर थाना लोदाम पुलिस स्टाफ द्वारा तत्काल बेरियर के पास नाकाबंदी किया गया एवं मुखबिर के बताए अनुसार पीकअप वाहन क्रमांक जेएच 01 एफए 4057 रास्ते में आता दिखा।



पुलिस गिरफ्त में मवेशी तस्करी के आरोपी।

जिसके चालक को रोकने का प्रयास किया गया जो चालक द्वारा अपने पीकअप वाहन को और तेज गति से चलाते हुए टोल प्लाजा के स्टापर को ठोकर मारकर गुरूनानक ढाबा के पास वाहन को खड़ी कर भाग गया था। पुलिस द्वारा पीकअप वाहन को चेक करने पर 11 रास मवेशियों को क्रूरतापूर्वक ठूस-ठूस कर भरा हुआ पाया गया। मवेशियों में से 3 मवेशी मृत पाये गये थे। शेष 8 रास मवेशी एवं पीकअप वाहन को जप्त कर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। प्रकरण के फरार आरोपी कुर्बान खान की पतासाजी पुलिस टीम द्वारा की जा रही थी। इसी दौरान टीम को मुखबिर एवं सायबर सेल से कुर्बान खान के बरगीदांढ़ (झारखंड) में मौजूद होने की सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा मौके पर जाकर घेराबंदी एवं दबिश देकर कुर्बान खान को अभिरक्षा में लिया गया। पूछताछ में उसके द्वारा अपराध को घटित करना स्वीकार किया। आरोपी कुर्बान खान उम्र 40 साल निवासी सोसो थाना ठिठौरिया जिला रांची (झारखंड) के विरूद्ध अपराध सबूत पाये जाने उसे 3 जुलाई बुधवार को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। प्रकरण की विवेचना कार्रवाई एवं जब्ती कार्रिवाई में लोदाम के थाना प्रभारी राकेश यादव, कमल सिंह राठिया, सुमित कुजूर, धनसाय राम, सुनीत कुमार, प्रवीण तिर्की एवं प्राणशंकर भगत का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

# राज्य स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव में शामिल होंगे सीएम साय

**जशपुरनगर।** राज्य स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन जिले के शासकीय हाईस्कूल बगिया में 5 जुलाई को किया जाएगा। मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होगें। कार्यक्रम की अध्यक्षता वित्त एवं जिले के प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी करेंगे।



- 5 जुलाई को शासकीय हाईस्कूल बगिया में होगा कार्यक्रम

विशिष्ट अतिथि के रूप में रायगढ़ के सांसद राधेश्याम राठिया,जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत, पत्थलगांव विधायक श्रीमती गोमती साय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शांति भगत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री उपेन्द्र यादव, जनपद पंचायत कांसाबेल अध्यक्ष कमल साय, जिला पंचायत सदस्य सालिक साय, व ग्राम पंचायत बगिया की सरपंच श्रीमती राजकुमारी देवी उपस्थित रहेगें। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शासकीय हाईस्कूल बगिया पहुंचकर राज्य स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव सत्र 2024-25 में शामिल होगें। इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री साय बालिकाओं को निःशुल्क सायकल वितरण, वृक्षारोपण, विभागीय स्टॉल का अवलोकन, नव प्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक से स्वागत,पाठयपुस्तक, गणवेश एवं जाति प्रमाण-पत्र वितरण करेगें। साथ ही मेधावी एवं शिविष्ट उपलब्धि प्राप्त विद्यार्थियों को पुस्कार वितरण एवं उत्कृष्ट पलाकों का सम्मान करेंगे।

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**जशपुरनगर।** दुष्कर्म के आरोपी को पण्डरापाठ पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी के साथी अपचारी बालक को बाल न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 20 वर्षीय युवती ने पुलिस चौकी पण्डरापाठ में रिपोर्ट दर्ज कराई कि लगभग 2 वर्ष पूर्व दीपक एक्का इनके गांव में आकर मजदूरी कार्य करता था। उसी समय से परिचय है एवं दोनों के मध्य बातचीत होती थी। 26 जून को प्रार्थिया अपनी सहेलियों के साथ घूमकर पैदल घर आ रही थी,कि रास्ते में दीपक एक्का अपने एक 14 वर्षीय साथी के साथ बाईक लेकर सड़क में खड़ा था। आरोपी ने प्रार्थिया को घूमाने के बहाने साथ मोटर सायकल में बैठाकर ले गया। इसके बाद आरोपी युवती को



पुलिस गिरफ्त में दुष्कर्म के आरोपी।

जबरदस्ती एक झोपड़ीनुमा जगह में ले जाकर दुष्कर्म किया व रात भर वहीं रखा रहा। 27 जून के सुबह में युवती को आरोपी रास्ते में छोड़कर भाग गया। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर धारा सदर का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। महिला संबंधी गंभीर अपराध होने पर एसपी शशि मोहन सिंह द्वारा चौकी प्रभारी पण्डरापाठ को आरोपियों की पतासाजी कर गिरफ्तारी के निर्देश दिये गये थे। ⏭ शेष पेज 4 पर

# दो शराब तस्कर जेल भेजे गए

**जशपुरनगर।** शराब लेकर झारखंड से तस्करी के लिए छत्तीसगढ़ आ रहे वाहन को रोक कर पुलिस ने भारी मात्रा में शराब जब्त कर दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

- विशेष टीम ने झारखंड से शराब तस्करी के लिए छग लाते दो युवकों को किया गिरफ्तार

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 3 जुलाई बुधवार को पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह को मुखबिर से सूचना मिली कि 2 व्यक्ति भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब को वैगनआर कार क्रमांक सीजी 04 एचए 8871 में भरकर तस्करी करते झारखंड तरफ से जशपुर की ओर आ रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल एसडीओपी जशपुर चंद्रशेखर परमा के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपियों की गिरफ्तारी एवं शराब जप्ती कार्यवाही हेतु रवाना किया गया। पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के बताए अनुसार आरा पुलिस चौकी क्षेत्र के गिरमा नाला के पास नाकाबंदी कर आने-जाने वाले वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान झारखंड तरफ से जशपुर की ओर जाने वाली कार क्रमांक सीजी



जब्त वाहन व शराब के साथ पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### लगातार कार्रवाई जारी

राकेश कुमार सिन्हा एवं दिलीप राम रौतिया को 45 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ तस्करी करते हुये गिरफ्तार किया गया है, वे दोनों जशपुर में शराब को खपाने के उद्धेष्य से दूसरे राज्य से शराब तस्करी कर ला रहे थे, शराब तस्करों के विरूद्ध जिला पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है, अवैध गतिविधियों में लिप्त लोगों की सूचना देवें, उनका नाम पूर्णतः गोपनीय रखा जायेगा एवं उन्हें पुरस्कृत किया जावेगा।

**-शशि मोहन सिंह**,पुलिस अधीक्षक जशपुर

04 एचए 8871 आता दिखा, जिसके चालक एवं सामने सीट में बैठे व्यक्ति ⏭ शेष पेज 4 पर

# तैयारियों का कलेक्टर ने लिया जायजा

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने आज मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के 5 जुलाई को प्रस्तावित ग्राम बगिया आगमन की तैयारी का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, एसडीएम ओंकार यादव, नंदजी पाण्डेय, पुलिस विभाग के अधिकारी, शिक्षा विभाग के अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने ग्राम बगिया में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम हेतु चिन्हांकित ग्राम बगिया हाई स्कूल स्थल का अवलोकन किया। उन्होंने 5 जुलाई 2024 को आयोजित राज्य स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम की मिनट टू मिनट की विस्तार से जानकारी ली और कार्यक्रम स्थल पर मंच निर्माण, पंडाल, बैठक व्यवस्था, स्टॉल व्यवस्था, गणवेश एव पाठ्य सामग्री वितरण, वृक्षरोपण, वाहनों की पार्किंग व्यवस्था आदि का निरीक्षण किया। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर पेयजल, बेरिकेडिंग, विद्युत, शौचालय जैसी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।



तैयारियों को जायता लेते कलेक्टर।



## खबर संक्षेप

### छात्र अविनाश का राष्ट्रीय इंस्पायर प्रदर्शनी में चयन

**रामानुजनगर।** राज्य स्तर पर आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय इंस्पायर प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्ट प्रतियोगिता में शासकीय बालक उच्चतर



माध्यमिक विद्यालय में अध्यनरत कक्षा 9वीं के छात्र अविनाश सिंह ने अपने उत्कृष्ठ प्रदर्शन से जिले का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में अविनाश सिंह का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है। अविनाश ने इंस्पायर अवार्ड मानक के अंतर्गत कम खर्च में बिना बिजली से चलने वाला लकड़ी का ट्रेडमिल बनाया है जिसकी सहायता से ग्रामीण आसानी से व्यायाम कर सकते हैं। छात्र ने अपने मॉडल का श्रेय व्याख्याता और गाइड टीचर गोपाल सिंह को दी है। इंस्पायर अवार्ड मानक में पहली बार विकासखंड के अविनाश का चयन किया गया है।

### कलेक्टर ने सेवानिवृत्त होने वाले सेवकों को प्रदान किया पीपीओ

**सूरजपुर।** संयुक्त जिला कार्यालय में आज सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों को कलेक्टर रोहित व्यास द्वारा पीपीओ प्रदान किया गया। उनके द्वारा पेंशनरों को अपने विभाग में दी गई सेवाओं के लिए धन्यवाद दिया और उज्जवल भविष्य एवं बेहतर स्वास्थ्य की शुभकामनाएं दी। कलेक्टर द्वारा सभी कार्यालयों से सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों का सेवानिवृत्ति तिथि को पीपीओ जारी हो सके, इसके लिए कोषालय अधिकारी को निर्देशित किया गया। कलेक्टर द्वारा प्रत्येक सप्ताह समय सीमा की बैठक में लंबित पेंशन प्रकरणों की समीक्षा की जाती है। जिससे पेंशन प्रकरणों की निराकरण समय पर किया जा रहा है। इस दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर एवं कोषालय अधिकारी अनिल बारी उपस्थित थे।

### सरपंच ने जनप्रतिनिधियों ग्रामीणों को बांटे छाता



**रामानुजनगर।** ग्राम पंचायत परशुरामपुर के सरपंच लाल केश्वर सिंह सरुता ने सभी 20 वार्ड के पंच एवं पटेल, गवटिया, बैगा, सुईन, कोटवार को छाता वितरण किया। बरसात के मौसम में गांव की सेवा करने के लिए बारिश के कारण पंच एवं पटेल, गवटिया, बैगा, सुईन, कोटवार को आने जाने में किसी प्रकार का परेशानी न हो इसको ध्यान में रखते हुए छाता भेंट कर प्रोत्साहित किया गया। ताकि विषम परिस्थितियों ग्रामसेवक गांव के लोगों को सेवा दे सके। इस दौरान बली राम, रामप्रसाद मरकाम, मोहन पोया, देवप्रसाद, देवनाथ, पंच शेख मो. अनवरी, कवल साय, सकल सिंह, मनी पोया, जुगेश्वर मरावी, गिरधारी पंडों, आनंद पंडो, मानकुवर, राधा, परमेश्वरी, शांति, मुन्नी बाई, तालो बाई, नीतीश कुमार केवट सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### जगह-जगह बिक रही हड़िया शराब को पुलिस ने कराया बंद

**धौरपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत लगभग सभी हाट-बाजारों में इन दिनों सड़क किनारे बैठकर महिलाएं खुलेआम हड़िया शराब बेच रही हैं।



थाना प्रभारी आरएन पटेल ने कार्यभार संभालते ही मामले में सक्रियता दिखाई एवं मंगलवार को स्थानीय साप्ताहिक बाजार में सड़क किनारे खुलेआम बिक रहे हड़िया शराब का विक्रय बंद कराया। उन्होंने महिलाओं को कभी भी सड़क किनारे हड़िया शराब नहीं बेचने की कड़ी हिदायत भी दी है। लगभग एक वर्ष से साप्ताहिक बाजार धौरपुर, अमड़ी, बिल्हमा, करोली, ककनी, पटोरा में महिलाएं जगह-जगह सड़क किनारे हड़िया बेचते नजर आती है। ग्रामीण क्षेत्र के लोग चाव से हड़िया पीते नजर आते है। एक दुकानदार ने बताया कि हड़िया में मोदक डाला जाता है जिससे काफी नशा होता है। पहाड़ी कोरवा समुदाय के साथ ही अन्य जनजाति समाज के लोग हड़िया का अधिक उपयोग करते हैं। पके चावल को सड़ाकर हड़िया बनाई जाती है। बरसात के मौसम में हड़िया का उपयोग करने से डायरिया फैलने की संभावना रहती है। ऐसे में इसके खुले विक्रय एवं उपयोग पर रोक लगाना आवश्यक है।

### सोनवाही में दो मोटरसाइकिल में भिड़ंत, युवक घायल

**बिश्रामपुर।** प्रायवेट कार्य पूर्ण करके बाइक से वापस घर लौट रहे युवक की बाइक को अज्ञात मोटरसाइकिल चालक ने टक्कर मार दी है। लटोरी पुलिस ने बताया कि अंबिकापुर संगम चौक निवासी 34 वर्षीय प्रार्थी अमन सर्राफ पिता घनश्याम गत दिनों 27 जून को अपने व्यक्तिगत काम से मोटरसायकल क्रमांक सीजी 15 ईसी 5184 से लटोरी आया हुआ था। यहां पर कार्य पूर्ण होने पर वापस बाइक से अपने घर लौट रहा था। तभी अंबिकापुर-बनारस मुख्य मार्ग पर ग्राम पंचायत सोनवाही में ढलान रोड स्थित ढाबा के पास अंबिकापुर तरफ से आ रहे अज्ञात मोटरसाइकिल चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए प्रार्थी की बाइक को टक्कर मार दी जिससे प्रार्थी के हाथ व पैर में चोट आई है।

### ग्राम पंचायतों की मनमानी पर अधिकारियों ने साधी चुप्पी

# पहले अपात्र लोगों के नाम जारी किया फर्जी जॉब कार्ड, फिर पीएम आवास योजना के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

विकासखण्ड मैनपाट अंतर्गत पीएम आवास योजना में हुई करोड़ों रूपए की हेराफेरी के मामले में प्रशासन जिस ब्लॉक समन्वयक को दोषी साबित करने की कोशिश कर रहा है उसका आईडी पासवर्ड जनपद सीईओ ने 18 जनवरी को ही सौंपने का फरमान दे दिया था। ब्लॉक समन्वयक का आईडी पासवर्ड लेने के बाद सीईओ ने ऑपरेटर से योजना का दूसरा आईडी पासवर्ड जेनरेट करा कार्यों का संपादन करा रहे हैं। ब्लाक समन्वयक 19 फरवरी 2024 को इसकी सूचना जिपं को भी दी।

**खास बात**
- पीएम आवास योजना को लगाई करोड़ों की चपत

विकासखण्ड मैनपाट में न केवल पीएम आवास योजना बल्कि पूर्व की इंदिरा आवास योजना में भी विकासखण्ड के अधिकारी-कर्मचारियों ने जमकर भ्रष्टाचार किया है। वर्ष 2016 में पीएम आवास योजना प्रारम्भ होने के बाद ही योजना में अनियमितता की जा रही है। ग्राम पंचायतों की मिली भगत से चल रही इस गड़बड़ी को रोकने में नाकाम पूर्व के जनपद सीईओ हितग्राहियों का चयन होने के बाद प्रक्रिया को होल्ड कर देते थे। जिसके बाद हितग्राही अपना आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों का सत्यापन कराने पहुंचते थे। इस प्रक्रिया में हितग्राहियों के खाते में राशि पहुंचने में कुछ विलम्ब होता था लेकिन अपात्र लोगों के खाते में राशि जमा नहीं होती थी। पिछले कुछ सालों से हितग्राहियों का सत्यापन किए बिना ही आवास की किस्त खाते में जमा कर दी जा रही है जिसके कारण इस तरह की गड़बड़ी हो रही है। विकासखण्ड मैनपाट में हितग्राही मूलक योजनाओं का इतना बुरा हाल है कि गंभीरता से जांच हुई तो दर्जनों अधिकारी-कर्मचारियों की नौकरी संकट में पड़ जाएगी।



योजना के तहत बन रहा पीएम आवास।

#### नहीं मिलती मजदूरी की राशि

पीएम आवास योजना के तहत हितग्राहियों को किस्त में 1.30 लाख भुगतान करने के साथ 95 कार्यदिवस की मजदूरी भुगतान की जाती है। दूसरे अपात्र व्यक्ति के नाम मनरेगा का जॉब कार्ड जारी होने के कारण पीएम आवास के हितग्राहियों को मजदूरी की राशि नहीं मिलती। हितग्राहियों का कहना है कि योजना के किसी भी हितग्राही को मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है। इसकी तस्दीक हितग्राहियों से की जा सकती है। शासन द्वारा बड़ी संख्या में फर्जी जॉब कार्ड निरस्त करने के कारण पात्र हितग्राही सुविधा से वंचित है।

#### पीएम जनमन योजना में भी गड़बड़ी

विकासखण्ड मैनपाट में पहाड़ी कोरवा समुदाय के लिए संचालित पीएम जनमन योजना में भी भारी गड़बड़ी की गई है। योजना के तहत ऐसे हितग्राहियों का चयन किया गया है जिन्हें पूर्व में पीएम आवास का लाभ दिया जा चुका है। ग्राम पंचायत पेंट में दूसरे समुदाय के लोगों का चयन किया गया है वहीं ग्राम पंचायत कोट एवं कंदनई के कई हितग्राहियों को दोबारा योजना का लाभ दिया गया है। एक ही परिवार में पति-पत्नी को भी योजना की राशि जारी की गई है। वर्ष 2021 के छूटे हितग्राहियों की सूची जो ग्रामसभा में पारित कर अपीलीय समिति के माध्यम से राज्य शासन से स्वीकृत कराई गई है उसमें अविवाहित एवं एक हजार से अधिक अपात्र लोगों को शामिल किया गया है। मामले में सैकड़ों प्रभावी लोगों के शामिल होने के कारण प्रशासन भी जांच के नाम पर खानापूर्ति कर इसे दबाने की कोशिश कर रहा है।

पीएम आवास योजना के हितग्राहियों की सूची एवं दस्तावेज ग्राम पंचायतें उपलब्ध कराती हैं। ग्राम पंचायतों के अनुमोदन के बाद ही हितग्राहियों के खाते में राशि जमा की जाती है। पीएम आवास हितग्रियों के पास मनरेगा का पंजीकृत जॉबकार्ड होना आवश्यक है। ग्राम पंचायतों ने बड़ी संख्या में अपात्रों के नाम जॉब कार्ड जारी कर दिया है। मनरेगा के जॉब कार्ड धारकों में न केवल दूसरे ग्राम पंचायत बल्कि छत्तीसगढ़ के दूसरे जिले सहित अन्य राज्यों के नागरिक भी शामिल है जिन्हें पीएम आवास की किस्त जारी की गई है। सूत्रों का कहना है कि गांव के पात्र लोगों के नाम दूसरे क्षेत्र के अपात्र लोगों को मनरेगा का जॉब कार्ड जारी कर इस तरह की गड़बड़ी को अंजाम दिया जा रहा है। गांव के हितग्राही के नाम दूसरे स्थान के अपात्र व्यक्ति का आधार कार्ड, बैंक खाता प्रस्तुत कर योजना का लाभ दे रहे हैं। नियमानुसार हितग्राहियों का चयन होने के बाद ग्राम पंचायतें उनका दस्तावेज उपलब्ध कराने के साथ ही सत्यापन करती हैं। मैनपाट की ग्राम पंचायतें कभी भी चयनित हितग्राहियों का न तो सत्यापन करती हैं न ही हितग्राहियों का दस्तावेज ही उपलब्ध कराती हैं। ऐसे में क्रियान्वयन के नाम पर अधिकारी-कर्मचारी योजना को पलीता लगा रहे हैं। योजना में गड़बड़ी की शिकायत पर जिपं स्वयं हितग्राहियों का परीक्षण साझा पासवर्ड से किस्त का आवंटन करता था। विकासखण्ड मैनपाट के ग्राम पंचायतों में मनरेगा के तहत सैकड़ों अपात्र लोगों के नाम जॉब कार्ड जारी कर बड़े पैमाने पर आर्थिक गड़बड़ी की गई है।

#### वसूली भी नहीं संभव

जनपद के अधिकारी दूसरे खातों में ट्रांसफर की गई पीएम आवास की राशि की वसूली करने का दावा कर रहे हैं लेकिन नियमानुसार इस राशि की वसूली भी संभव नहीं है। भले ही गलत पहचान पत्र के आधार पर अपात्र लोगों के खाते में राशि जारी की गई है लेकिन सभी अपात्र वर्षों पूर्व से मनरेगा के पंजीकृत श्रमिक हैं एवं मनरेगा का पंजीकृत जॉब कार्ड हासिल होने के कारण वे हितग्राही हैं फर्जीवाड़े से ही सही ये पीएम आवास के लिए पात्र भी हैं। ग्राम पंचायतों एवं जनपद पंचायत द्वारा वर्षों से किए जा रहे फर्जीवाड़े के कारण प्रशासन को वसूली की कार्रवाई के लिए सालों कड़ी मशक्कत करनी पड़ सकती है। सबसे बड़ी बात है कि करोड़ों रूपए के इस फर्जीवाड़े की जिम्मेदारी तय करने प्रशासन कोई पहल नहीं कर रहा है।

#### नहीं है संज्ञान में

इस तरह की गड़बड़ियां मेरे संज्ञान में नहीं है। संज्ञान में आने के बाद मैं लगातार कार्रवाई कर रहा हूं। मेरे कहने पर ब्लॉक समन्वयक द्वारा आईडी पासवर्ड देने का आरोप गलत है।

-अमन यादव
जनपद सीईओ, मैनपाट



कैरियर काउंसलिंग की कार्यशाला को संबोधित करते कलेक्टर।

## सफलता का नहीं होता कोई शॉर्टकट : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में बुधवार को कैरियर काउंसलिंग की कार्यशाला कलेक्टर विलास भोस्कर के मुख्य आतिथ्य एवं प्राचार्य प्रो.रिजवान उल्ला की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

- अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं को दिया यूपीएससी एवं पीएससी की परीक्षा का मार्गदर्शन

कार्यशाला के मुख्य वक्ता सीएसपी रोहित शाह एवं डिप्टी कलेक्टर नीरज कौशिक थे। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए कलेक्टर श्री भोस्कर ने कहा कि सफलता का कोई शार्टकट नहीं होता। कड़ी मेहनत और लगन से जीवन में कोई भी मंजिल प्राप्त किया जा सकता है। हमें जीवन में किसी अभाव को बाधा नहीं मानना चाहिए। बाधाएं हमारे लिये अवसर पैदा करती है। एक बार हम लक्ष्य को निर्धारित कर कठिन परिश्रम करने लगे तो प्रकृति भी हमें लक्ष्य प्राप्त करने में सहयोग देती है। उन्होंने छात्र-छात्राओं द्वारा पूछे गये प्रश्नों का जवाब भी दिया।

भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी सीएसपी रोहित शाह ने संघ लोक सेवा आयोग की सिविल परीक्षा में सफलता प्राप्त करने की रणनीति पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि हमें नियमित अखबारों को पढ़ना चाहिए। इससे हमारी विश्लेषण क्षमता बेहतर होती है। हमें तैयारी के दौरान समय प्रबंधन पर विशेष ध्यान देना चाहिए। परीक्षा के दौरान थोड़ा बहुत तनाव होना स्वाभाविक है। इसे अपने हॉवी से दूर करें और सतत प्रयास करते रहें। डिप्टी कलेक्टर नीरज कौशिक ने राज्य लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा में सफलता अर्जित करने की रणनीति पर चर्चा करते हुए छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के पाठ्यक्रम को विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि हमें प्रारंभिक परीक्षा को गंभीरता से लेना चाहिए क्योंकि यह परीक्षा में सफलता आगे बढ़ने के लिए जरूरी है। हमें मुख्य परीक्षा हेतु निरंतर उत्तर लिखने का अभ्यास करना चाहिए। प्राचार्य प्रो.रिजवान उल्ला ने कहा कि हर विद्यार्थी को लक्ष्य हासिल करने के लिए अपना सर्वोत्तम प्रयास करना चाहिए। धैर्यपूर्वक निरंतर प्रयास करने से भले ही देर हो लेकिन सफलता अवश्य मिलती है। कार्यशाला में विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के एक हजार विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पीजी कॉलेज के छात्र दिव्यांश दुबे एवं आभार ज्ञापन सहायक प्राध्यापक डॉ.उमेश कुमार पाण्डेय ने किया।

## एमएलए कोचिंग में 50 सीट, दाखिला लेने 12 सौ ने दी परीक्षा

**सीतापुर।** क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने व प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु संचालित होने वाले एमएलए कोचिंग सेंटर में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। क्षेत्र के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में कुल 12 सौ अभ्यर्थियों ने परीक्षा में हिस्सा लिया।

- व्यवस्थाओं का जायजा लेने पहुंचे विधायक, प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कराई जाएगी निःशुल्क तैयारी



इस दौरान विधायक राम कुमार टोप्पो ने एसडीएम रवि रही व अन्य अधिकारियों के साथ परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया व परीक्षा व्यवस्था पर संतुष्टि जाहिर की। बता दें कि एमएलए कोचिंग में प्रतिवर्ष 50 बच्चों को प्रवेश दिया जाएगा। प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग के लिए विद्यार्थियों का चयन परीक्षा के माध्यम से किया जा रहा है। चयनित विद्यार्थियों को एमएलए कोचिंग में निःशुल्क पढ़ाई कराई जाएगी जहां अनुभवी शिक्षकों द्वारा सभी प्रतिभागियों की तैयारी कराई जाएगी। विधायक राम कुमार टोप्पो ने बताया कि शिक्षा को लेकर उनका उद्देश्य स्पष्ट है और वे शिक्षा को सर्व सुलभ और सार्वभौमिक बनाना चाहते हैं ताकि क्षेत्र के गरीब पिछड़े और वंचित लोगो को भी शिक्षा प्राप्त हो सके।

उन्होंने कहा कि हमारे क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। कई ऐसे प्रतिभावान छात्र है जो आर्थिक अभाव के कारण अपने सपनो को साकार नही कर सकते। ऐसे बच्चों के लिए बड़े शहरों में कोचिंग कर पाना एक सपने जैसा होता है। आगामी दिनों में ये निःशुल्क कोचिंग सेंटर का अपना भवन होगा जहां अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ अनुभवी शिक्षकों द्वारा कोचिंग कराई जाएगी।

## घर से निकले दो किशोरों का तीसरे दिन भी नहीं चला पता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

सोमवार की सुबह निकले नाबालिग स्कूली बच्चों का तीसरे दिन भी कोई पता नहीं चल सका है। नाबालिग बच्चों की तलाश में पुलिस कई जगह के सीसीटीवी फुटेज के अवलोकन में जुटी है। परिजन की रिपोर्ट पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(2) का अपराध दर्ज किया है। बताया गया कि माइनर्स कॉलोनी समीप स्वामी विवेकानंद स्कूल के कक्षा आठवीं में अध्ययनरत दोनों छात्र क्रमशः सौरभ महाराणा पिता संतोष महाराणा 13 वर्ष व रोहित गुप्ता पिता नरेश गुप्ता 15 वर्ष सोमवार को प्रातः घर से बैग लेकर स्टेडीयम मॉर्निंग वॉक करने की बात कह कर निकले थे। देर शाम तक दोनों के वापस घर नहीं लौटने पर परिजन उनकी तलाश करने लगे, इस दौरान कुछ पता नहीं लगने पर बिश्रामपुर थाना पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर बच्चो की तलाश के लिए स्कूल प्रबंधन सहित रिश्तेदारों व उनके स्कूली मित्रो से पूछताछ की लेकिन तीसरे दिन भी दोनो छात्रों का पता नही चला।

- परिजन रिश्तेदारों के घर सम्पर्क कर पतासाजी में जुटे

इस दौरान मित्रो से पूछताछ में पुलिस को पता चला कि दोनो बच्चे पुरी जाने की बात कर रहे थे उनके पास 9 सौ रूपये होने की जानकारी मिली, जिसके आधार पर पुलिस उनके घर के आसपास स्टेशन बस स्टैंड की सीसी टीवी फुटेज खंगाले में जुटी है। एक सीसी टीवी फुटेज में दोनो बच्चे प्रातः 4.20 बजे बैग टांगे बिश्रामपुर-भटगांव मार्ग पर पैदल जाते दिखें हैं। बच्चों के पास मोबाइल नही होने से उनका सटीक लोकेशन प्राप्त नहीं हो रहा है और ना ही बच्चे परिजन के संपर्क में हैं। पुलिस छात्रों के साथियों के बयान के आधार पर पुरी पुलिस से संपर्क साध रही है। बताया गया कि गायब छात्र सौरभ महाराणा का घर उड़ीसा में है, दूसरा छात्र पटना बिहार का मूल निवासी है। दोनो बच्चो के मूल निवास के परिजन से संपर्क कर बरामदगी का प्रयास किया जा रहा है।

## चोरों ने पोस्ट ऑफिस का ताला तोड़ पार किया पार्सल, नहीं तोड़ सके लॉकर

**डांड़गांव।** चोरों ने मंगलवार की रात को पोस्ट ऑफिस का ताला तोड़कर कुछ पार्सल चोरी कर ले गए जबकि चोर लॉकर को तोड़ने में असफल रहे। घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई है।

जानकारी के अनुसार एनएच 130 किनारे स्थित पोस्ट ऑफिस के कर्मचारियों ने मंगलवार को आफिस बंद घर चल दिए। इसी बीच देर रात चोरों ने न सिर्फ धावा बोला बल्कि ताला तोड अंदर दाखिल हो गए। चोरों ने बड़े ही आराम से पार्सल और दस्तावेजों को खंगाला है और लॉकर को खोलने की कोशिश की गई परंतु असफल रहे। चोरों ने ऑफिस के दोनों अलमारी को भी खोलकर उसमें रखे कागजों को बिखेर दिया। इधर लाकर को खोलने के लिए चोरों ने आधा दर्जन से अधिक अलग अलग चाभियों का प्रयोग किया। जब लॉकर नहीं खुला तो लोहे के स्पोक का प्रयोग भी किया गया है परंतु लॉकर को खोल नहीं सके। सुबह जब कर्मचारी ऑफिस पहुंचे तो उनके होश उड़ गए। पोस्ट ऑफिस में चोरी होने की सूचना कर्मचारियों ने तत्काल उच्च अधिकारियों को दी। उदयपुर पोस्ट ऑफिस प्रभारी बिजेंद्र सोनी ने



घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक कुमारी चंद्राकर टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। डाकघर प्रभारी ने बताया कि पोस्ट ऑफिस में कितने पार्सल की चोरी हुई है और कितने का नुकसान हुआ यह दस्तावेजों के मिलान के पश्चात ही पता लग सकेगा। शुरुआती तौर पर लगभग 7 हजार रुपए के पार्सल चोरी की बात सामने आ रही है। बहरहाल पुलिस ने रिपोर्ट पर अज्ञात के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 331(4) और 305 के तहत अपराध दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### चयनित अग्निवीरों का प्रशिक्षण पंजीयन 30 तक

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य में 8426 भावी अग्निवीरों का चयन लिखित परीक्षा में हुआ है। भारतीय सेना में भगीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जिलों के लिए अग्निवीर सेना भर्ती का आयोजन 4 से 12 दिसम्बर तक रायगढ़ जिले में होने की संभावना है। जिले के युवाओं को अग्निवीर भर्ती में अधिक संख्या में लाभ देने के उद्देश्य से निःशुल्क शारीरिक प्रशिक्षण दिया जाना है। निःशुल्क प्रशिक्षण में शामिल होने हेतु जिले के जो लिखित परीक्षा में पास कर लिए है, वे अपना शारीरिक प्रशिक्षण हेतु पंजीयन 30 जुलाई तक रोजगार कार्यालय में उपस्थित होकर करा ले।

## आंबा परिसर में खुला चेम्बर बच्चों के लिए बना खतरनाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

आंगनबाड़ी परिसर में टंकी से पानी आपूर्ति के लिए ठेकेदार द्वारा तैयार किया गया खुला चेम्बर कभी भी गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकता है।

ग्राम पंचायत महुली स्थित आबां परिसर में 60 हजार लीटर क्षमता की पानी टंकी का निर्माण किया गया है। टंकी से गांव में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति की जाएगी। ठेकेदार ने पानी आपूर्ति करने वाल्व के लिए गहरा चेम्बर बनाया है। जो लम्बे समय से खुला है। ठेकेदार द्वारा चेम्बर को बंद करने आंबा भवन के सामने स्लैब तैयार कर छोड़ दिया गया है जिससे बच्चे चोटिल हो रहे हैं। अब नियमित आंबा केन्द्र में छोटे बच्चे पहुंच रहे हैं।



चेम्बर के खुले होने के कारण हमेंशा बच्चों के गिरने का भय बना रहता है। खेलने के दौरान बच्चों के चेम्बर में गिरने से कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। ग्रामीणों ने तत्काल खतरनाक चेंबर को व्यवस्थित करने की मांग की है।

## वन विभाग की टीम ने 200 नग खैर लट्ठा किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

वन परिक्षेत्र धमनी अंतर्गत ग्राम सुंदरपुर में सड़क से करीब डेढ़ सौ मीटर अंदर जंगल में तस्करी के लिए छिपा कर रखे बड़ी संख्या में खैर के लकड़ी वन विभाग की टीम ने जब्त किया। स्थानीय ग्रामीण की सूचना पर वन विभाग की टीम ने लकड़ी को कार्यालय रखा है। जब्त लकड़ी 11.235 घन मीटर बताई जा रही है जिनकी संख्या 200 है और उसकी कीमत लाखों रुपए में बताई जा रही है।

- जंगल में तस्करी के लिए छिपा कर रखा गया था खैर लकड़ी



लकड़ी जब्त करती वन विभाग की टीम।

गौरतलब है कि सुंदरपुर जंगल में छिपा कर बड़ी संख्या में खैर की लकड़ी रखी गई थी। जब ग्रामीणों ने देखा तो तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर लकड़ी को जब्त किया। खैर की लकड़ी को छिपा कर अंतरराज्य तस्करों द्वारा कुछ स्थानीय लोगों के सहयोग से गांव-गांव में जाकर खरीद कर एक जगह एकत्र किया था। तस्करों के उठाने के पूर्व ग्रामीणों की नजर पड़ गई जिसके बाद वन विभाग की टीम ने खैर लकड़ी को जब्त कर लिया। बताया जा रहा है कि सुंदरपुर में खैर की इतनी लकड़ी नहीं है इसे धमनी, गड़गोड़ी सहित अन्य स्थानों से लाकर जमा किया गया था। खैर का पेड़ जंगलों से लुप्त हो गए इसका कारण है औषधीय गुण कत्था बनाने और चमड़ा उद्योग में उपयोग के लिए मांग होने की वजह है। उत्तर प्रदेश में काफी महंगे दाम पर खैर की लकड़ी बिकती है इसे किलो के भाव में लेते हैं। खैर पेड़ की हमेशा मांग बनी रहती है जिसका तस्कर इसका मुंह मांगा कीमत देने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं ग्रामीणों को पैसा देकर यह पेड़ कटवा लेते हैं।

#### ग्रामीण के घर के बाहर मिला 42 नग खैर लकड़ी

ग्राम बिशुनपुर के राम लखन आ. वासुदेव सिंह के घर के बाहर रखा 42 नग खैर का लकड़ी को वन विभाग की टीम ने जब्त किया है जब्त लकड़ी 1.894 घन मीटर है। ग्रामीण ने बताया कि इलाज के लिए पैसा की जरूरत थी इसलिए अपने जमीन से काटकर बेचा था। लकड़ी अभी उठा नहीं था इस कारण घर के बाहर रखा हुआ था।

#### तहसीलदार को दी गई है सूचना

जंगल व ग्रामीण के घर के सामने से बड़ी संख्या में खैर लकड़ी को जब्त किया गया है। आगे की कार्रवाई के लिए तहसीलदार को सूचना दी गई है।

-अजय वर्मा, रेंजर

### उद्योग स्थापित नहीं करने वाले उद्यमियों का भूमि आवंटन हो रद्द, उद्योग मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक एवं कैट के अध्यक्ष रविन्द्र तिवारी ने उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन को ज्ञापन सौंप उद्योग के लिए जमीन लेने के बाद निर्धारित समय में उद्योग स्थापित नहीं करने वाले उद्यमियों का आवंटन रद्द कर नए उद्यमियों को भूमि आवंटित करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि सरगुजा में अनेक व्यवसायी छोटे एवं मध्यम उद्योग स्थापित करने के लिए उद्योग कार्यालय में आवेदन दिया है अम्बिकापुर में तीन औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए गए हैं लेकिन कहीं भी नया उद्योग स्थापित करने के लिए भूमि उपलब्ध नहीं है। तीनों औद्योगिक क्षेत्र की भूमि में उद्योग स्थापित करने हेतु व्यापारियों ने पूर्व में भूमि आवंटित कराया है परन्तु निर्धारित समयावधि समाप्त होने के बाद उद्योग स्थापित नहीं किया गया है। भूमि का उपयोग अन्य कार्यों के लिए किया जा रहा है। नियम विरूद्ध तरीके से भूमि की खरीद-फरोख्त हो रही है जिसके कारण उद्योग स्थापित नहीं हो पा रहे हैं। भूमि की उपलब्धता नहीं होने के कारण नये उद्योग स्थापित नहीं हो रहे हैं। कैट जिलाध्यक्ष श्री तिवारी ने उद्योग मंत्री श्री देवांगन से उद्योग स्थापित करने की समयावधि पूरा होने वाले उद्यमियों का आवंटन रद्द कर नए उद्यमियों को भूमि आवंटित करने की मांग की है। उद्योग मंत्री ने अपने अधिनस्थ अधिकारी को आवंटित भूमि में निर्धारित समयावधि में उद्योग स्थापित नहीं करने वाले उद्यमियों का आवंटन रद्द करने एवं नए उद्यमियों को भूमि आवंटित करने के निर्देश दिए है।



# अभी नहीं है कोई बब्बर शेर : कबीर

**मुंबई।** कबीर खान ने सलमान खान के साथ अपने अगले प्रोजेक्ट के बारे में बात की। मीडिया रिपोर्ट्र्स के मुताबिक, सलमान खान और कबीर खान ने 'बब्बर शेर' नाम की फिल्म के लिए हाथ मिलाया है। कैटरीना कैफ के साथ भी कबीर खान के बहुत अच्छे तालमेल हैं। ऐसे में सलमान और कबीर की नई फिल्म को लेकर जैसे ही अफवाहें उड़ीं, फैंस फिल्म में कैटरीना कैफ के होने की उम्मीद लगाने लगे। कबीर खान अब इन अफवाहों पर बात करते हुए इनका खंडन किया है। उन्होंने एक बातचीत में कहा कि ये सब बाजार में अटकलें हैं। अभी कोई बब्बर शेर नहीं है।

लाइफ Style

# शरवरी

## 'मुंज्या' बनने रोज लगते थे 5 घंटे

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सिर्फ 30 करोड़ रुपए की लागत में बनी फिल्म मुंज्या बॉक्स ऑफिस पर अभी तक 118 करोड़ 51 लाख रुपए का कलेक्शन कर चुकी है। शरवरी वाघ और अभय वर्मा स्टारर यह फिल्म दर्शकों के दिलों को छूने में कामयाब रही। फिल्म का वो सीक्वेंस फैंस ने खूब एन्जॉय किया।

जब शरवरी वाघ यानि बेला में मुंज्या की आत्मा आ जाती है। इसके बाद उसका चेहरा और उसकी चाल-ढाल सब काफी हद तक मुंज्या जैसा हो जाता है। शरवरी वाघ को फिल्म के लिए मुंज्या वाला लुक लेने में 4 से 5 घंटे तक लग जाया करते थे। शरवरी वाघ ने फिल्म मुंज्या के लिए किए गए प्रोस्थैटिक मेकअप की तस्वीरें और इसका पूरा किस्सा सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। शरवरी वाघ ने इस वीडियो में बताया, 'जब मुंज्या के लिए प्रोस्थैटिक्स किए जा रहे थे तो हर रोज सुबह इसमें पांच घंटे लगा करते थे। सभी प्रोस्थैटिक को एक-एक करके जोड़ा जाता था। इसके बाद पूरे प्रोस्थैटिक मेकअप को हटाने में डेढ़ घंटा लगता था। हमारे पास 5-6 लोगों की एक टीम थी जो लगातार टच में रहती थी, क्योंकि इसमें बहुत छोटी-छोटी डिटेलिंग होती थी। आपको हर चीज को बहुत ध्यान से देखना पड़ता था।' शरवरी वाघ ने बताया कि उन्हें और फिल्म के निर्देशक आदित्य को कई चीजों पर काफी माथापच्ची करनी पड़ी। शरवरी वाघ ने बताया, 'जब मुझमें मुंज्या की आत्मा मेरे शरीर में आ जाती है तब मुझे नहीं पता था कि मुझे अपनी बॉडी लैंग्वेज कैसी रखनी है।



हॉलीवुड मसाला



# बेवरली हिल्स पर शानदार वापसी

**लॉस एंजिलिस।** करीब 22 साल के रहे होंगे अभिनेता एडी मर्फी जब पहली बार साल 1984 में वह अपने चिर परिचित किरदार एक्सेल फोले के रूप में बड़े परदे पर चमके। फिल्म थी, 'बेवरली हिल्स कॉप' और उन दिनों हॉलीवुड फिल्में इतनी बड़ी तादाद में तो भारत में रिलीज नहीं होती थीं, लेकिन इसके वीएसएच की मांग उन दिनों बहुत हुआ करती थी। अब इस फिल्म फ्रेंचाइजी की चौथी कड़ी सीधे ओटीटी पर रिलीज हुई है। फिल्म देखने के बाद इसे एक बार फिर से बड़े परदे पर देखने का मन भी करता है।




# महिला होकर फिल्म बनाना है मुश्किल...

**लॉस एंजिलिस।** केट विंसलेट को म्यूनिख अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में सम्मानित किया गया है। उन्हें सिनेमेरिट पुरस्कार से नवाजा गया है। इस कार्यक्रम में उन्होंने युद्ध फोटोग्राफर ली मिलर पर आधारित फिल्म में अभिनय करने और उसका निर्माण करने को लेकर खुलकर बात की। फेस्टिवल में पुरस्कार को स्वीकार करने के लिए मंच पर आते हुए विंसलेट ने जानकारी दी कि 'ली' की रिलीज को टाल दिया गया है। उन्होंने कहा, 'एक महिला के तौर पर फिल्म बनाना मुश्किल है और महिलाओं के बारे में फिल्म बनाना और भी मुश्किल है। मुझे उम्मीद है कि इस फिल्म के जरिए लोग ली मिलर जैसी असाधारण रूप से महत्वपूर्ण ऐतिहासिक हस्तियों की कहानियों को सुनने के लिए ज्यादा खुले कान और खुली आंखें रखेंगे।' ली मिलर एक मॉडल थीं।



# पाकिस्तानी हीरो संग आएंगी नजर...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री वाणी कपूर जल्द ही बड़े पर्दे पर पाकिस्तानी अभिनेता के साथ नजर आएंगी। यह एक लव स्टोरी फिल्म होगी, जिसका नाम अभी तय नहीं है। अब एक्टर क्योंकि पाकिस्तानी है तो ऐसे में संभावना इस बात की भी है कि दर्शक कोई बवाल न करें या शूटिंग में कोई खलल न हो। लेकिन, निर्माताओं ने इसका भी इंतजाम कर लिया है। फिल्म की शूटिंग लंदन में होगी।वाणी के साथ जिस पाकिस्तानी अभिनेता की जोड़ी जमने वाली है, वह हैं फवाद खान। रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म की कहानी मोहब्बत में धोखा खाए दो लोगों पर आधारित है, जो किस्मत से एक-दूसरे से मिलते हैं। बुरे वक्त में एक-दूसरे की मदद करते हैं और इसी दौरान एक-दूजे के प्यार में पड़ जाते हैं। कहा जा रहा है कि सर्दियों में शुरू होगी।



# 'बेबी जॉन' में सल्लू खास रोल में...

**नई दिल्ली।** एटली फिलहाल अपने प्रोडक्शन में एक नई फिल्म 'बेबी जॉन' की रिलीज के लिए तैयारी कर रहे हैं। इस फिल्म में जहां वरुण के साथ साउथ स्टार कीर्ति सुरेश डेब्यू करने जा रही हैं, वहीं जैकी श्रॉफ, वामिका गब्बी और सान्या मल्होत्रा इसमें नजर आएंगे। अब इसमें सलमान खान के कैमियो की खबरें आ रही हैं। एक रिपोर्ट कहती है कि एटली के प्रोजेक्ट 'बेबी जॉन' में सलमान खान एक खास रोल में नजर आने वाले हैं। वरुण की ये फिल्म एक एक्शन थ्रिलर है और कुछ रिपोर्ट्स कहती हैं कि सलमान भी फिल्म के एक महत्वपूर्ण सीन में वरुण के साथ एक्शन सीक्वेंस में नजर आएंगे। सलमान और वरुण धवन इससे पहले भी साथ में स्क्रीन पर नजर आ चुके हैं। जहां वरुण की 'जुड़वा 2' में सलमान ने कैमियो किया था।

टीवी मसाला

# 'मिस्टर हाथी' ने क्यों ठुकराया था यशराज फिल्म्स का ऑफर?

**नई दिल्ली।** पॉपुलर टीवी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में डॉ हंसराज हाथी का किरदार निभाने के लिए जाने जाने वाले एक्टर निर्मल सोनी ने हाल ही में खुलासा किया कि उन्होंने एक फिल्म को रिजेक्ट कर दिया था जो उन्हें आदित्य चोपड़ा की प्रोडक्शन कंपनी यश राज फिल्म्स द्वारा ऑफर की गई थी। उन्होंने खुलासा किया कि वह इस ऑफर पर साइन करने के लिए एक्साइटेड क्यों नहीं थे। जब उनसे पूछा गया कि वह बड़े पर्दे पर या वेब सीरीज में कब नजर आएंगे, तो एक्टर ने कहा, 'मुझे बहुत सारे ऑफर मिल रहे हैं। हाल ही में मुझे यशराज फिल्म्स से ऑफर मिला है। लेकिन इन दिनों फिल्मों की शूटिंग एक ही बार में की जाती है। यशराज फिल्म के लिए उन्होंने मुझे लगातार 45 दिनों तक फ्री रहने के लिए कहा, मैं इतने दिनों तक टीवी शो से दूर नहीं रह सकता।' 'तारक मेहता का उलटा चश्मा' में 'डॉक्टर हाथी' का रोल निभाने वाले अभिनेता कवि कुमार आजाद का 9 जुलाई को हॉर्ट अटैक से निधन हो गया था। कवि कुमार आजाद के निधन के कुछ दिन बाद शो के मेकर्स ने रिप्लेसमेंट में निर्मल सोनी को फाइनल किया गया था।



# गिरती टीआरपी की वजह से इस महीने इन शोज पर लगेगा ताला?

**नई दिल्ली।** टीवी की दुनिया में रोजाना कई नए सीरियल्स आते-जाते रहते है। इनमें से कुछ की कहानी दर्शकों को खूब पसंद आती है और ये शोज सुपरहिट हो जाते हैं। लेकिन कई शोज ऐसे भी हैं जिनकी कहानी दर्शकों को एकदम पकाऊ लगती है और इस वजह से इन सीरियल को दर्शक देखना बंद कर देते हैं। नतीजा ये होता है कि इन सीरियल्स की लगातार टीआरपी गिरती रहती है। इस महीने पर कई सीरियल्स ऐसे हैं जिनका पैकअप हो सकता है। जी हां, इस लिस्ट में आपके फेवरेट सीरियल्स का नाम भी हो सकता है। 'उड़ारिया' शो दर्शकों को काफी पसंद आया था। इस सीरियल की कहानी से लेकर स्टारकास्ट तक हर किसी ने दर्शकों के दिलों पर एक अलग ही छाप छोड़ी थी। टीआरपी के मामले में भी इस शो ने बाजी मार ली थी। लेकिन 'उड़ारिया' में जबसे लीप आया और स्टारकास्ट में बदलाव आया है, तब से इस शो का एंगल दर्शकों को खास पसंद नहीं आ रहा है।




# जवान-केजीएफ को पछाड़ 'कल्कि 2898 एडी' ने तोड़े आठ रिकॉर्ड...

**मुंबई।** कल्कि 2898 एडी सिनेमाघरों में खूब पसंद की जा रही है। यही वजह है कि प्रभास की फिल्म देश ही नहीं, दुनियाभर में नए-नए रिकॉर्ड कायम कर रही है। कल्कि 2898 एडी दुनियाभर के सिनेमाघरों में धूम मचा रही है। फिल्म बंपर कमाई कर रही है और कहानी लोगों को खूब पसंद आ रही है। इस फिल्म में 6000 साल बाद होने वाली घटना को दिखाया गया है। फिल्म में 81 साल की उम्र में अमिताभ बच्चन ने जो कमाल दिखाया वो सबको पसंद आ रहा है। फिल्म एक के बाद एक कई रिकॉड्र्स अपने नाम कर रही है। अब तक फिल्म ने करीब 8 रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए हैं। बुक माई शो पर कल्कि 2898 एडी ने यश की केजीएफ चैप्टर 2 के मुकाबले ओपनिंग वीकेंड में ज्यादा टिकट बेचने का रिकॉर्ड अपने नाम किया है।पहले वीकेंड पर कल्कि ने दुनियाभर में पचरम लहराया। फिल्म ने ग्लोबली 555 करोड़ का कलेक्शन करके जवान को पछाड़ दिया। इसके अलावा कल्कि वीकेंड पर सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म भी बन चुकी है। विदेश में अपना परचम लहराते हुए कल्कि ने कनाडा में सबसे ज्यादा कलेक्शन करने वाली तेलुगू फिल्म बन गई। वहीं, मलेशिया में प्रभास कल्कि के जरिए अपनी ही फिल्म सालार का रिकॉर्ड तोड़ने के लिए तैयार हैं। जर्मनी में कल्कि ने साहो, आरआरआर, ब्रह्मास्त्र और केजीएफ 2 का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। कल्कि ने अपना जादू अमेरिका में दिखाते हुए वीकेंड पर सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म का रिकॉर्ड बनाया।





# पत्नी शूरा के साथ अस्पताल के बाहर नजर आए अरबाज

*मुंबई। अरबाज खान ने शूरा ने पिछले साल शादी की दिसंबर में। दोनों सोशल मीडिया पर एक-दूसरे पर खूब प्यार लुटाते रहते हैं। इसके अलावा दोनों लंच या डिनर डेट पर भी जाते रहते हैं। अब शूरा और अरबाज को बीती शाम यानी कि मंगलवार शाम को अस्पताल के बाहर स्पॉट किया गया। दोनों एक-दूसरे का हाथ पकड़कर अस्पताल से बाहर आ रहे थे। इसके बाद दोनों ने पैपराजी के सामने पोज दिए। इतना ही नहीं जब पैपराजी ने उनसे पूछा कि क्या गुड न्यूज है? तो अरबाज चुप रहे, लेकिन शूरा ना बोलेकर वहां से स्माइल करते हुए चली गईं। इस दौरान शूरा ने क्रॉप टॉप और एक शर्ट पहनी थी, डेनिम शॉट्र्स के साथ। वहीं अरबाज भी कैजुअल लुक में दिखे। वीडियो पर लोगों के काफी फनी कमेंट्स आ रहे हैं। किसी ने लिखा कि लगता है परिवार बड़ा होने वाला है। तो किसी ने लिखा ये आप लोग खुशखबरी पूछ-पूछकर उनसे बेबी करवा ही लोगे। वहीं एक ने लिखा कि दोनों साथ में अच्छे लगते हैं। दोनों के बीच बहुत प्यार है। अरबाज और शूरा ने सालभर की डेटिंग के बाद दिसंबर 2023 में शादी की। दोनों की शादी सभी के लिए शॉकिंग थी क्योंकि किसी को उनके रिलेशन की भनक नहीं पड़ी थी।*

## ज्योतिष शास्त्र को मानते हैं ये फिल्मी सितारे

# नकारात्मक एनर्जी से भी निजात पाने के लिए टोटके का लेते हैं सहारा

***नई दिल्ली।** लोगों के अंदर किसी न किसी चीज को लेकर डर होता है और इस डर से निजात पाने के लिए हम कई तरह की चीजों का सहारा लेते हैं। कई लोग तो टोने टोटके जैसी चीजों पर भरोसा करते हैं। आज के दौर में भी कई लोग ऐसे हैं जो अंधविश्वासी हैं और समस्या से निजात पाने के लिए टोने टोटके जैसी चीजों का सहारा लेते हैं। इंडस्ट्री में भी ऐसे कई ऐसे सितारे हैं, जो मॉर्डन होने के बाद भी इन सब चीजों पर भरोसा करते हैं। कई सितारे हैं, जो अपने अंदर का डर खत्म करने और नकारात्मक एनर्जी से भी निजात पाने के लिए टोटके का सहारा लेते हैं।*



**अमिताभ बच्चन :** सदी के महानायक अमिताभ बच्चन का नाम इस लिस्ट में शामिल है। अमिताभ बच्चन ज्योतिष में काफी मानते हैं। उन्हें अक्सर नीलम, पन्ना और ओपल जैसे रत्नों की अंगूठियां पहने हुए देखा जाता है। मीडिया रिपोर्ट्र्स के मुताबिक इन्हीं रत्नों की वजह से बिग बी को कई परेशानी भरे दौर से निकलने में मदद मिली है।



**शाहरुख खान :** बॉलीवुड किंग शाहरुख खान का नाम इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर आता है। शाहरुख खान भी इन सब चीजों पर काफी भरोसा रखते हैं। मीडिया रिपोर्ट्र्स के मुताबिक किंग खान ने ज्योतिष शास्त्र को मानते हुए, अपनी सभी गाड़ियों का नंबर 555 रखा है।



**एकता कपूर :** टीवी क्वीन एकता कपूर का नाम इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर आता है। इस बात से तो कोई अंजान नहीं होगा कि वह अपने हाथों में कई रत्नों की अंगूठियां पहनती हैं। वह ज्योतिष शास्त्र पर काफी भरोसा करती हैं।

**रणबीर कपूर :** बॉलीवुड सुपरस्टार रणबीर कपूर का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। वह भी इन सब चीजों में काफी मानते हैं। रणबीर कपूर आठ नंबर को अपने लिए बेहद लकी मानते हैं।



**रणवीर सिंह :** बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह का नाम भी इन सितारों में शामिल है। रणवीर भी ज्योतिष में काफी मानते हैं। रणवीर सिंह अपने पैर में हमेशा काला धागा बांध कर रखते हैं। ताकि उन्हें लोगों की बुरी नजर न लगे। इसकी कई तस्वीरों में भी उनके पैर में काला धागा दिखाई दिया है।

## खबर संक्षेप



### प्रभारी मंत्री सारंगढ ने कलेक्टोरेट में रोपा पौधा

**सारंगढ़।** राजस्व खेल एवं युवा कल्याण तथा जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा ने कलेक्टोरेट परिसर सारंगढ़ में पौधारोपण किया। इनके साथ साथ विधायक सारंगढ़ उत्तरी गनपत जांगड़े, कलेक्टर धर्मेश साहू, एसपी पुष्कर शर्मा, डिप्टी कलेक्टर वर्षा बंसल ने भी पौधारोपण किया।

### शिक्षकों के प्रशिक्षण के द्वितीय चरण का समापन

**तमनार।** विकासखंड स्तरीय चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण द्वितीय चरण में कक्षा चौथी एवं पांचवी पढ़ाने वाले शिक्षकों को प्रशिक्षण कार्यशाला 27 से 30 जून तक आयोजित किया गया। विकासखंड तमनार के 140 शिक्षक को दो जोन बीआरसी भवन व प्राथमिक शाला तमनार में शामिल हुए। बता दें कि भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में कार्यक्रम का उद्देश्य 3 से 8 वर्ष की आयु के सभी बच्चों को भाषा और गणित की शिक्षा प्रदान करना है। एफएलएन का लक्ष्य 2025-26 तक छोटे बच्चों के समग्र विकास में मदद करना है। जिला शिक्षा अधिकारी के दिशा निर्देश में बीईओ मोनिका गुप्ता, एबीईओ यू के सिदार, बीआरसी जेपी साहू के मार्गदर्शन में बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान प्रशिक्षण में हिंदी एवं गणित के चार ब्लॉक के माध्यम से शिक्षक पद्धति को प्रशिक्षणार्थियों को बेहतर ढंग से मास्टर ट्रेनरों के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। हिंदी शिक्षण में मौखिक भाषा का विकास, शब्द पहचान, पठन लेखन एवं गणितीय शिक्षण में मौखिक गणित पर बातचीत मुख्य दक्षता की गणित गतिविधियां, अभ्यास पुस्तिका खेल खेल में गणित आदि ब्लाकों पर विस्तृत रूप से समझाया गया। पाठ योजना किस प्रकार से बनाना है गणितीय और हिंदी शिक्षण के लिए सामूहिक गतिविधियां कराई गई, बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान में बच्चे भाषा और गणित के बेहतर स्तर को प्राप्त कर पाएंगे।

### ट्रक में लोड 16 टन स्क्रैप के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** घरघोड़ा पुलिस द्वारा क्षेत्र में अवैध शराब, जुआ सट्टा, कबाड़ जैसी गतिविधियों पर मुखबीर लगाकर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में 1 जुलाई की रात्रि थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक अमित तिवारी को मुखबीर से मिली सूचना पर गस्त दौरान थाना घरघोड़ा स्टाफ द्वारा घरघोडा बाईपास में ट्रक के चालक को अवैध कबाड़ परिवहन करते पकड़ा गया है । वाहन चालक चन्द्रशेखर यादव पिता रामपलट यादव उम्र 55 वर्ष निवासी टैनी थाना पवईन जिला आजमगढ उत्तर प्रदेश के पास कबाड़ परिवहन के वैध दस्तावेज नहीं होने से विधिवत कार्रवाई करते हुए घरघोड़ा पुलिस द्वारा आरोपित ट्रक चालक चन्द्रशेखर यादव के कब्जे से ट्रक में लोड़ लोहा, एंगल एवं अन्य लोहा के सामान वजनी करीब 16 टन स्कैप कीमती. 5 लाख 50 हजार का मयवाहन जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 35, क,ड 303, 2 के तहत कार्रवाई किया गया है। कार्रवाई में थाना घरघोड़ा के सहायक उप निरीक्षक रामसजीवन वर्मा, आरक्षक राजेश राठौर, किशोर राठौर और चन्द्रशेखर चन्द्रकार शामिल थे।

#### मुख्यमंत्री ने श्रमवीरों के मेधावी बच्चों को किया सम्मानित

# 'नोनी-बाबू मेधावी शिक्षा सहायता' योजना के तहत बच्चों को दो-दो लाख रुपए प्रदान किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



चेक प्रदान करते मुख्यमंत्री

छत्तीसगढ़ की विष्णु सरकार के सुशासन में प्रदेश के श्रमवीरों के बच्चों का भविष्य संवर रहा है। आज राजधानी स्थित मुख्यमंत्री आवास में जनदर्शन की शुरुआत, प्रदेश के श्रमिकों के मेधावी बच्चों के सम्मान के साथ हुआ। जहां मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने 'नोनी-बाबू मेधावी शिक्षा सहायता' योजना के तहत श्रमिक परिवार के दसवीं और बारहवीं के 13 मेधावी बच्चों को दो -दो लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की।

- जशपुर जिले से कक्षा 10वीं की छात्रा मोना यादव और उमा बरेठ को मिला सम्मान

इस राशि का उपयोग इन बच्चों के सुनहरे भविष्य और आगे की पढ़ाई के लिए हो सकेगा। श्रमवीरों और उनके मेधावी बच्चों को साय सरकार पूरा सम्मान दे रही है।

जशपुर जिले से कक्षा 10वीं की दो छात्रा को मिला सम्मान दसवीं-बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में प्रावीण्य सूची में स्थान हासिल करने वाले प्रदेश भर के श्रमवीरों के 13 मेधावी बच्चों को ष्मुख्यमंत्री नोनी-बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजनाष के तहत एक लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि और स्कूटी के लिए एक लाख रुपए सहित प्रति विद्यार्थी दो लाख रुपए का चेक वितरित किया गया है। जिसमें जशपुर जिले से कक्षा 10वीं की दो छात्रा कु. मोना यादव और कु. उमा बरेठ भी शामिल है। इन छात्राओं ने माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित परीक्षा वर्ष 2023-24 में 10वीं की मेरिट में टॉप-10 में जगह बनाई है। योजना के तहत इन दोनों छात्रा को मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने ' दो-दो लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान कर दोनों को उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। मुखमंत्री साय ने सभी को उच्च शिक्षा के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री श्री साय ने 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में टॉप 10 में स्थान अर्जित करने वाले पंजीकृत श्रमिकों के 13 मेधावी बच्चों को इस योजना के तहत दो-दो लाख रुपए की सहायता राशि का चेक वितरित किए।

### मेरिट में छात्रा मोना और उमा ने टॉप-10 में जगह बनाई

उल्लेखनीय है कि इस योजना के अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों को, जो कक्षा 10वीं एवं 12वीं में शिक्षा सत्र 2023-24 में अध्ययनरत तथा छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित परीक्षा वर्ष 2023-24 में टॉप-10 सूची में है, उन्हें इस योजना के अंतर्गत लाभान्वित किया गया है। जशपुर जिले से कक्षा 10वीं की सम्मानित दोनों छात्रा ने 10वीं की मेरिट में टॉप-10 में जगह बनाई है। जिसमें छात्रा कु. उमा बरेठ ने 97.67: के साथ सातवां स्थान और छात्रा कु. मोना यादव ने 97.17: के 10वां स्थान साथ हासिल किया है। 13 मेधावी बच्चों में कक्षा 10वीं में जशपुर जिले से कुमारी मोना यादव एवं उमा बरेठ, गरियाबंद जिले से कुमारी होनिशा, महासमुंद जिले से कुमारी डेनिसा, रायगढ़ जिले से कुमारी बबीता, सूरजपुर जिले से आयुष कुमार, बलरामपुर जिले से कुमारी अंशिका, राजनांदगांव जिले से कुमारी वंशिका, बालोद जिले से तोषण कुमार, खोमेन्द्र, कुमारी पद्मनी, जिज्ञासा एवं कांकेर जिले से कक्षा 12वीं की छात्रा कुमारी वेदिका का नाम शामिल है ।

## प्रधानमंत्री जनमन शिविर: पहाड़ी कोरवा मितानिन हुए पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



- हितग्राहियों से एसडीएम ने की चर्चा

बगीचा एसडीएम ओंकार यादव ने 3 जुलाई 2024 को प्रधानमंत्री जनमन शिविर आयोजित ग्राम महुआ और छिछली (अ) में पहुंचकर पहाड़ी कोरवा हितग्राहियों से चर्चा की। शिविर में उपस्थित सभी हितग्राहियों और बच्चों को भोजन कराया एवं बच्चों को बिस्कुट वितरण भी किया गया। इस दौरान उन्होंने हितग्राहियों से चर्चा कर उन्हे पानी को उबालकर पीने से बीमारी से बचा जा सकता है साथ ही हाथ धोने के लाभ के बारे में जानकारी दी।

शिविर में चिकित्सा दल के द्वारा सभी बच्चों से बुजुर्ग का मेडिकल चेकअप किया गया, सभी बच्चों का टीकाकरण और डायरिया से बचाव के उपाय बताए गए। उन्हीं में एक पहाड़ी कोरवा मितानिन श्रीमती रूप मणि पहाड़िया को कर्तव्यनिष्ठ के साथ संवेदनशील होने से नगद पुरूस्कार देते हुए उनका सराहना भी किया गया। एसडीएम ने सभी को आश्वस्त किया गया की आधार, ऑनलाइन जन्म प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड सभी का बनाया जायेगा, उन्होंने कहा कि जो भी शेष है उनके लिए ग्राम पंचायत स्तर पर सभी दस्तावेज बनाऐ जाऐगें। सभी से आग्रह किया गया की कोई भी पलायन न करें। सभी बच्चों को पढ़ाना है ये भी उनकी भाषा में ही समझाया गया। सभी को बोलने के लिए प्रेरित किया गया किसी भी प्रकार की समस्या को बताने और संकोच दूर करने उनके साथ ही भोजन किया गया। कैंप के प्रति सभी में उत्साह पाया गया कर्मचारियों को भी टीम भावना से कार्य हेतु प्रेरित किया गया। इस कैंप से भविष्य में अधिक बेहतर कार्ययोजना बनाने में नई दृष्टि भी प्राप्त होगी। सभी कैंप में सरपंच, उपसरपंच पंच के साथ शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों ने सभी पहाड़ी कोरवा को शासन की योजना का लाभ दिलाने संकल्प भी लिया।

## एमपी के दो तस्करों से ढाई किलो गांजा बरामद, बाइक जब्त



**रायगढ़।** 02 जुलाई के दोपहर थाना प्रभारी पुसौर को मुखबिर से सूचना मिली कि एक एमपी नंबर की मोटरसाइकिल पर दो लड़के उड़ीसा से गांजा लेकर मंडला, एमपी जाने निकले हैं।

थाना प्रभारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को मुखबीर सूचना से अवगत कराकर उनके मार्गदर्शन पर कार्यवाही के लिए नाकेबंदी पॉइंट लगाया गया। इसी दरमियान नवापारा चौक में नाकेबंदी कर रही पुसौर पुलिस टीम द्वारा लारा की ओर से आ रही एमपी पासिंग मोटरसाइकिल यामहा आर 15 नंबर एमपी 09-क्यूपी-2184 को रोका गया जिसमें दो युवक बैठे हुए थे। मोटरसाइकिल ने अपना नाम प्रिंस कुमार साहू तथा पीछे बैठा युवक अपना नाम नितेश कुमार मिश्रा दोनों निवासी ग्राम कहका थाना निबास जिला मंडला (मध्य प्रदेश) के रहने वाले बताएं। दोनों युवकों को नाकाबंदी के कारणों से अवगत कराते हुए विधिवत उनकी तलाशी ली गई।

- पुसौर पुलिस की कार्रवाई

पीछे बैठे युवक निलेश कुमार मिश्रा के कब्जे में रखे थैला के भीतर 03 प्लास्टिक की पन्नी में मादक पदार्थ गांजा पाया गया जिसका वजन करने पर कुल 2 किलो 580 ग्राम पाया गया। आरोपियों से पूछताछ करने पर अवैध बिक्री के लिए उड़ीसा से गांजा लेकर अपने गांव जाना बताएं। आरोपियों से अवैध मादक पदार्थ गंज 2 किलो 580 ग्राम कीमती 25,000 मोटरसाइकिल यामहा आर 15 नंबर एमपी 09-क्यूपी-2184 (80,000) तथा दोनों आरोपियों के 02 नग मोबाइल (15,000) कुल जुमला 1,20,000 की जप्ती कर थाना पुसौर में आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 157/2024 धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

### पीएम सूक्ष्म खाद्य उद्यम के लिए मंगाए आवेदन

**रायगढ़।** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के अंतर्गत जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु आवेदन मंगाए गए है। जिसके अंतर्गत व्यक्तिगत नवीन खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना व विस्तार, स्व.सहायता समूहों द्वारा स्थापना, किसान उत्पादक संगठन द्वारा स्थापना,सामान्य सुविधा, सामान्य उदभवन केन्द्र स्थापित करने एवं विस्तार हेतु बैंकों से ऋण हेतु प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के अंतर्गत आवेदन मंगाए गए है। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के मुख्य महाप्रबंधक ने बताया कि योजनान्तर्गत 18 वर्ष से अधिक आयु के उद्यमी एवं इकाई प्रतिबंधित सूची में शामिल न हो की पात्रता होगी। इसमें पूंजीगत अनुदान, व्यक्तिगत परियोजना पूंजीगत ऋण पर 35 प्रतिशत अधिकतम 10 लाख रुपये, स्व सहायता समूह पूंजीगत ऋण पर 35 प्रतिशत निर्धारित है।

## जमा पानी में डेंगू का लार्वा होने की जांच करने पहुंची निगम की टीम



**रायगढ।** शहर के रिहायशी इलाकों में डेंगू का डंक फिर सिर उठाने को तैयार है। बरसात के साथ ही घरों में ठहरे हुए पानी को साफ नहीं करने की वजह से डेंगू लार्वा पनपने लगे हैं। मंगलवार को शिकायत मिलने पर निगम की टीम ढिमरापुर रोड स्थित एक कॉम्पलेक्स में पहुंची। यहां बाजू में कई दिनों से गंदा पानी जमा था। कॉम्पलेक्स के बेसमेंट में भी पानी जमा था जिसमें डेंगू के लार्वा होने की आशंका है। बीते तीन महीनों में शहर में डेंगू के करीब 50 केस सामने आ चुके हैं। इसके बावजूद शहर की जनता समझने को तैयार ही नहीं है।

लगातार बारिश के कारण घरों की छतों और बाहर में जलजमाव हो गया है। इसकी सफाई नहीं होने से डेंगू मच्छर पनप रहे हैं। कई जगहों पर गंदा पानी जमा हो गया है जिसके कारण मच्छर पैदा हो रहे हैं। शहर में बीमारों की संख्या बढ़ती जा रही है। ढिमरापुर रोड में छाबड़ा सेल्स के बाजू में गुरदीप सिंह वाधवा का निर्माणाधीन कॉम्पलेक्स है। इसके बाजू में गड्ढा नहीं भरा गया जिसके कारण नाली का गंदा पानी यहां जमा हो गया है। इसके आलावा बिल्डिंग के बेसमेंट में पानी जमा हो गया है। यहां रोशनी भी नहीं पहुंचती जिसकी वजह से डेंगू लार्वा पनपने के लिए मुफीद जगह बन गई है।
इसकी शिकायत वार्ड पार्षद संजय देवांगन के अलावा आसपास के दुकानदारों ने भी की। मंगलवार को निगम की टीम वहां पहुंची। पूरे बिल्डिंग का मुआयना किया गया। यहां डेंगू लार्वा पनपने की आशंका जताई गई है। निगम टीमा आब यहां सफाई कराने के लिए कॉम्पलेक्स मालिक से संपर्क कर रही है। हैरानी की बात यह है कि लोगों के स्वास्थ्य से जुड़े इतने बड़े मामले में भी शहरवासी सतर्क व जागरूक नहीं हैं।

## डॉक्टर्स डे पर जिले के चिकित्सक सम्मानित



**रायगढ़।** सीएमएचओ डॉ.बीके चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय रायगढ़ में डॉक्टर दिवस का आयोजन किया गया।

डॉक्टर दिवस डॉक्टरों के अनमोल सेवाओं को सम्मानित करने के लिए मनाया जाता है। स्वास्थ्य और उपचार के प्रति डॉक्टरों की अटूट प्रतिबद्धता के लिए उनका आभार व्यक्त करने का एक खास अवसर है, यह खास दिन डॉक्टरो और स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों के योगदान का सम्मान करता है साथ ही उनके निरूस्वार्थ भाव से लोगों को ठीक करने, समाज के प्रति डॉक्टरों के समर्पण और योगदान का सम्मान करने हेतु जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने समस्त डॉक्टरों को सम्मान करते हुए उन्हें पुष्प गुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट किया। डॉक्टर दिवस के अवसर पर वरिष्ठ डॉक्टर डॉ.एच उराव, डॉ एसएस उपाध्याय, डॉ. वायके सिंदे, डॉ. पदमन पटेल, डॉ. आरएन मंडावी, डॉ रूपेन्द्र पटेल जिला स्थानीय कार्यालय रायगढ़ से डॉ.टीजी कुलवेदी, जिला मलेरिया अधिकारी, डॉ.बीपी पटेल, जिला टीकाकरण अधिकारी, डॉ केनन डेनियल जिला नोडल अधिकारी आईडीएसपी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक रंजना पैंकरा, डॉ. राजेश मिश्रा आरएमएनसीएच जिला चिकित्सालय से डॉ उषा किरण भगत, डॉ. सुषमा एक्का, डॉ. मीना पटेल, डॉ.प्रकाश चेतवानी, डॉ. दिनेश पटेल, डॉ राजकुमार गुप्ता, विखं से डॉ रजनी पटेल, डॉ. दिनेश नायक, डॉ.अशोक अग्रवाल, डॉ.अभिषेक पटेल बीएमओ खरसिया डॉ. सुरेन्द्र कुमार पैंकरा, डॉ हितेश जायसवाल मौजूद रहे।

## 31 जुलाई से पहले अपना आयकर रिटर्न फाइल कर पेनाल्टी से बचें

**रायगढ़।** आयकर रिटर्न फाइल करने की अंतिम तारीख 31 जुलाई है। समय से पहले आयकर विवरणी दाखिल करने के लिए इन दिनों कर सलाहकार, सीए, एडवोकेट व्यस्त है। आयकरदाता आयकर विभाग के ई.पोर्टल पर ऑनलाइन भी आइटीआर फाइल कर सकते हैं। नौकरीपेशा या स्व रोजगार वाले व्यक्ति, हिन्दू अविभाजित परिवार, कंपनी या फर्म संचालक भी ऑनलाइन इनकम टैक्स रिटर्न फाइल कर सकते हैं। अभी इनकम टैक्स भरने का फायदा यह होगा कि यदि आपका टीडीएस ज्यादा कटा है तो जल्द आयकर रिफंड मिल जाएगा।

एक्सपर्ट के मुताबिक अपने आयकर की गणना नई एवं पुरानी दोनों स्कीमों के तहत की जा सकती है। जिस स्कीम में कम कर दायित्व आता होए उसके तहत अपनी विवरणी दाखिल की जा सकती है। ऐसे करदाता जिनकी व्यापार से आय हैए वह पुरानी स्कीम में एक बार अंदर जा सकते हैं एवं अंदर जाकर बाहर जा सकते हैं। एक्सपर्ट से सलाह लेकर अपनी स्कीम का चयन किया जा सकता है। 31 जुलाई के पूर्व आयकर विवरणी दाखिल करने पर विवरणी में कोई गलती रह जाती है तो उसको सुधारने का मौका आयकरदाता को मिलता है। साथ ही लेट फीस या पेनाल्टी नहीं भरना पड़ती। साथ ही टैक्स ड्यू के मामले में अतिरिक्त ब्याज भी नहीं देना पड़ता।




### समय से आइटीआर फाइल न करने का नुकसान

यदि निर्धारित समय 31 जुलाई तक आयकरदाता ने अपना रिटर्न फाइल नहीं किया तो 5 लाख की आय इनकम पर 1000 रुपए एवं 5 लाख रुपए से ऊपर की आय पर 5000 रुपए लेट फीस लगेगी। इसके अलावा रिटर्न समय पर नहीं भरने पर यदि आय में नुकसान हुआ है तो अगले साल के मुनाफे में यह नुकसान समायोजित नहीं होगा।

### पोर्टल पर दबाव

31 जुलाई तक आयकर विवरणी फाइल की जा सकती है। अभी जुलाई माह शुरू हुआ है। लेकिन आखिरी तारीखों में रिटर्न फाइल करने पर पोर्टल पर दबाव आ जाता है और कई लोग रिटर्न फाइल करने से चूक जाते हैं। बाद में ऐसे लोगों पर पेनाल्टी का भार आ जाता है।

आरके अग्रवाल,आयकर

## रामपुर-गोवर्धनपुर मार्ग में गड्ढों के भराव के बाद सुगम हुआ यातायात



**रायगढ़।** रामपुर से गोवर्धनपुर मार्ग पिछले दिनों हुई बारिश के कारण मार्ग में कई जगह गड्ढे हो गए थे जिसकी वजह से इस मार्ग पर भारी वाहनों को आवागमन बाधित हो रहा था। जिससे जाम की स्थिति निर्मित हो गई थी। ऐसी स्थिति को देखते हुए कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने नगर निगम आयुक्त और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए मार्ग में गड्ढों को भरते हुए आवागमन को सुचारू करने के निर्देश दिए थे। जिसके पश्चात गड्ढों का भराव कर भारी वाहनों की आवाजाही शुरू करवाई गई।

इस संबंध में जानकारी देते हुए एसडीओ पीडब्ल्यूडी मुरारी सिंह नायक ने बताया कि सड़क में गड्ढों में स्लैग का भराव किया गया है। नीचे बड़े स्लैग डाले गए हैं और सड़क को समतल किया जा रहा है। गड्ढों से पानी निकासी की व्यवस्था भी की जा रही है। जिससे सड़क पर भारी वाहनों का आवागमन सुचारू रूप से हो सके। गौरतलब है कि रामपुर से गोवर्धनपुर मार्ग में रोजाना सैकड़ों भारी वाहनों, ट्रकों की आवाजाही होती है। इससे इस मार्ग में बारिश के दौरान गड्ढे में वाहनों के फसने के कारण वाहनों की लंबी कतार लग रही थी। गड्ढों का भराव कर यातायात सुचारू किया गया है। नगर निगम आयुक्त सुनील कुमार चंद्रवंशी ने बताया कि इस मार्ग के निर्माण के लिए नगर निगम के द्वारा प्रस्ताव तैयार कर भेजा गया है। स्वीकृति प्राप्त होने के तत्काल पश्चात मार्ग का निर्माण प्रारंभ कर दिया जाएगा।

## पेज 1 का शेष

### दुष्कर्म का आरोपी ...

इस निर्देश के परिपालन में मुखबिर की सूचना एवं सायबर सेल के सहयोग से आरोपी दीपक एक्का को उसके निवास से अभिरक्षा में लिया गया एवं नाबालिग बालक को संरक्षण में लेकर पूछताछ करने पर अपराध को घटित करना स्वीकार किया गया। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल को जब्त किया गया। साथ ही आरोपी दीपक एक्का उम्र 22 साल को 3 जुलाई को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया एवं अपचारी बालक को बाल न्यायालय पेश किया गया।

### दो शराब तस्कर ...

को पुलिस द्वारा रोककर उनका नाम पूछा गया। दोनों अपना नाम राकेश कुमार सिन्हा एवं दूसरा व्यक्ति दिलीप कुमार रौतिया बताया एवं मौके का वीडियोग्राफी भी किया गया। दोनों से शराब रखने के संबंध में पूछताछ कर गवाहों के समक्ष कार की तलाशी ली गई। तलाशी दौरान कार की डिक्की में 5 पेटी अंग्रेजी शराब 9 पीएम 120 नग 45 लीटर कुल कीमती 18,000 रूपए का झारखंड प्रांत का मोनो स्टीकर लगा पाया गया। दोनों आरोपियों का कृत्य धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पाये जाने से उन दोनों को अभिरक्षा में लिया गया एवं अंग्रेजी शराब के साथ तस्करी में प्रयुक्त कार को जप्त किया गया। पूछताछ में दोनों अभियुक्तों ने अंग्रेजी शराब को खपाने के उद्घेष्य से तस्करी कर लाना बताये। प्रकरण में पर्याप्त अपराध सबूत पाये जाने पर अभियुक्तगण राकेश कुमार सिन्हा उम्र 25 साल निवासी लोधमा कुनकुरी एवं दिलीप राम रौतिया उम्र 26 साल निवासी जोकारी थाना कुनकुरी को 3 जुलाई बुधवार को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। प्रकरण की विवेचना कार्यवाही, अभियुक्तों की गिरफ्तारी, शराब जप्ती कार्यवाही में एसडीओपी जशपुर चंद्रशेखर परमा, समरेन्द्र सिंह, बेलसाजर, शरद कुमार भगत, कुलरंजन एक्का, जयादेवी पैंकरा का सराहनीय योगदान रहा है।

कार्यालय, सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-जशपुर (छ.ग.)
-:: आम सूचना ::-

सर्व सामान्य आम जनता को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-जशपुर द्वारा दीनदयाल आवास योजना (बादरकोना) जिला-जशपुर में निर्मित एल.आई.जी. भवनों में से भवन क्रमांक LIG/13 का आबंटन एकमुश्त आधार पर आबंटन आदेश क्रमांक 1972 दिनांक 16.11.2021 के तहत श्री जयप्रकाश राम पिता-श्री शंकर राम के नाम से आबंटित है। आबंटिती श्री जयप्रकाश राम द्वारा भू-खण्ड/भवन को फ्री होल्ड कराने हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था को नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो आम सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में आवेदन प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।
दिनांक: 03/07/2024
सम्पदा अधिकारी

कार्यालय, सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-जशपुर (छ.ग.)
-:: आम सूचना ::-

सर्व सामान्य आम जनता को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-जशपुर द्वारा दीनदयाल आवास योजना (बादरकोना) जिला-जशपुर में निर्मित एल.आई.जी. भवनों में से भवन क्रमांक LIG/37 का आबंटन एकमुश्त आधार पर आबंटन आदेश क्रमांक 1969 दिनांक 16.11.2021 के तहत श्री एरोन खाखा पिता श्री चोंहस खाखा के नाम से आबंटित है। आबंटिती श्री एरोन खाखा द्वारा भू-खण्ड/भवन को फ्री होल्ड कराने हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था को नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो आम सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में आवेदन प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।
दिनांक: 03/07/2024
सम्पदा अधिकारी

कार्यालय, सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-जशपुर (छ.ग.)
-:: आम सूचना ::-

सर्व सामान्य आम जनता को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-जशपुर द्वारा दीनदयाल आवास योजना (बादरकोना) जिला-जशपुर में निर्मित एल.आई.जी. भवनों में से भवन क्रमांक LIG/12 का आबंटन एकमुश्त आधार पर आबंटन आदेश क्रमांक 1157 दिनांक 09.04.2019 के तहत श्री सुरेश कुमार पिता श्री स्व मोतीराम कुमावत के नाम से आबंटित है। आबंटिती श्री सुरेश कुमार द्वारा भू-खण्ड/भवन को फ्री होल्ड कराने हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था को नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो आम सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में आवेदन प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।
दिनांक: 03/07/2024
सम्पदा अधिकारी

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI RAIGARH
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
उड़ीसा रोड़ , काशीराम चौक के पास, गढ़उमरिया, रायगढ़ (छ.ग.)
89595-93923 • 89595-44444